## खबर संक्षेप

### बाइक से आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य

**कटनी।** दोपहिया वाहन से शासकीय कार्यालय आने वाले सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को अब हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर आशीष तिवारी ने तदाशय का आदेश जारी भी कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी यह आदेश सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भेजा गया है। आदेश में मप्र मोटर यान एक्ट 1988 की धारा 129 के प्रावधानों तथा केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों का उल्लेख करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ को दो पहिया वाहन से कार्यालय आते और जाते समय आई एस आई मार्का हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को अपने स्टाफ से हेलमेट की अनिवार्यता आदेश का पालन सुनिश्चित कराने कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित थाना और आरक्षी केंद्र द्वारा समय-समय पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया जायेगा।

### एसीईओ को एमडीएम का सौंपा गया प्रभार

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने कार्यालय में पदस्थ लोक सेवकों के मध्य कार्य विभाजन हेतु पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (एमडीएम) के प्रभारी अधिकारी का प्रभार अनुराग मोदी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आगामी आदेश तक के लिए सौंपा है।

### कटनी के चिकित्सक को भी जारी हुआ नोटिस

**कटनी।** छिंदवाड़ा में श्रीसन फार्मा की कफ सिरप "कोल्ड्रिफ" से हुई बच्चों की मौत के बाद सरकार ने कार्रवाई स्वरूप निशाने पर फार्मा कंपनियों और डॉक्टरों के बीच स्थापित गुप्त गठजोड़ को निशाने पर लिया है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर 20 डॉक्टरों को नोटिस थमाए गए हैं, जिनमें कटनी के चिकित्सक डॉ. प्रवीण वैश्य का नाम भी शामिल है।

**ओवरलोडिंग एवं दस्तावेजों की कमी पाये जाने पर की गई चालानी कार्यवाही**

# परिवहन विभाग ने की कार्यवाही, दो हाईवा सहित तीन स्कूली बसों को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी







नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध परिवहन अमले द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहनों को जब्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग की टीम ने मंगलवार को ओवरलोड, बिना परमिट और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की। इस दौरान विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया और कई वाहनों को पकड़कर कुठला थाना परिसर में खड़ा कराया। कार्यवाही के दौरान विभाग ने न केवल वाणिज्यिक वाहनों की जांच की, बल्कि स्कूली वाहनों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने स्कूल बसों में जीपीआरएस, कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, फिटनेस सर्टिफिकेट, ड्राइवर और अटेंडर के दस्तावेज सहित सभी अनिवार्य उपकरणों की जांच की। कई वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण नहीं पाए गए, वहीं कुछ वाहनों के परमिट और बीमा संबंधी दस्तावेज अधूरे मिले।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के द्वारा कटनी-उमरिया रोड पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 2 हाईवा को क्षमता से अधिक रेत का परिवहन करते हुए पाया गया जिन्हें जब्त कर थाना कुठला में खड़ा कराया गया। जांच के दौरान 2 पिकअप वाहन में फिटनेस ना होने पर 6 हजार रूपये का समन शुल्क लिया गया। इसके अतिरिक्त 3 स्कूल बसों में सुरक्षात्मक कमी पाये जाने पर वाहन क्रमांक एमपी 21 पी 0185, एमपी 21 जेडबी 6506, एमपी 21 पी 0332 का फिटनेस निरस्त करते हुए परिवहन कार्यालय में सुरक्षित रखा गया।

एआरटीओ ने बताया कि यह कार्यवाही जिला प्रशासन के निर्देश पर की जा रही है और आगे भी इसी प्रकार का सघन अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और आम नागरिकों की सुविधा के लिए सड़क सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है जो वाहन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एआरटीओ संतोष पाल ने कहा कि ओवरलोड और बिना परमिट के सड़कों पर दौड़ रहे वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाते हैं। विभाग का उद्देश्य इन पर अंकुश लगाकर सड़क सुरक्षा को मजबूत करना है। इस कार्यवाही में परिवहन विभाग की टीम के साथ पुलिस विभाग का भी सहयोग रहा।



# ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने तीन ठिकानों में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) जबलपुर की टीम ने मंगलवार सुबह बड़वारा विकासखंड के ग्राम बसांडी में सहकारी समिति के सेल्समेन सुशील गुप्ता के यहां सुबह 7:40 बजे छापा मारा। यह कार्रवाई धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी एवं आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर की गई। ईओडब्ल्यू की टीम ने तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

### आय से अधिक संपत्ति

सूत्रों के मुताबिक जांच में पाया गया कि 1991 से अब तक सुशील गुप्ता की कुल आय लगभग 19 लाख रुपये थी, जबकि उसकी संपत्ति 150 गुना से अधिक पाई गई है। माना जा रहा है कि यह आय और अधिक तक पहुंच सकती है। ओडब्ल्यू टीम ने घर, मिल, वेयरहाउस और फार्महाउस सहित तीन ठिकानों पर एक साथ तलाशी ली। छापे के दौरान 33,000 रुपये नकद, बैंक खातों में गोल्ड लोन से संबंधित दस्तावेज और कई जमीनों के रजिस्ट्री कागजात जब्त किए गए। EOW जबलपुर की 20 सदस्यीय टीम ने डीएसपी मंजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही की जिसकी अध्यक्षता मनजीत सिंह सेठी ने की। सूत्रों का कहना है कि ईओडब्ल्यू ने आसपास के ग्रामीणों और सहकारी समिति से जुड़े लोगों से भी पूछताछ की है। फिलहाल टीम संदिग्ध बैंक खातों और संपत्ति की डिटेल खंगाल रही है।

**एनकेजे पुलिस ने की कार्रवाई, पन्ना जिले के है तीना तस्कर**

# मोटर साइकिल सवार 3 तस्कर गिरफ्तार, सवा चार किलो गांजा किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



एनकेजे पुलिस ने मोटर साइकिल सवार तीन युवकों को गांजा की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों से पास से पुलिस ने सवा चार किलो गांजा भी बरामद किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई है।

थाना प्रभारी एन.के.जे. उप.निरी. रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में सउनि सहपाल परतेती, हमराह स्टाफ, सउनि केवल उईके, प्र0आर0 गणेश दत्त मिश्रा, प्र.आर. प्रहलाद सैयाम, प्र.आर. राजेश चैधरी आर. चालक 196 ओमशिव तिवारी के कोम्बिंग गश्त पेट्रोलिंग दौरान सरपंच ढाबा जुहला बायपास में संदिग्ध मोटर साईकिल मै तीन व्यक्ति बैठे मिले तीनो व्यक्तियों से नाम पता पूछताछ कर तलाशी ली गई मोटर साईकिल के बीच में बैठे व्यक्ति के पास थैला रखे मिला जिसे चैक करने पर चार पैकेट मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। उक्त तीनो व्यक्ति से पैकेट के संबंध में पूछने पर तीनो व्यक्तियों द्वारा पैकेट में गांजा होना बताया। मौके पर इलेक्ट्रानिक तराजू से अवैध मादक पदार्थ गांजा का तौल करने पर कुल बजन 4 किलो 236 ग्राम कीमती लगभग 50,000 रूपये एवं एक मोटर साईकिल एच.एफ.डीलक्स क्र. एम.पी. 35 जेड डी 4861 एवं आरोपीगणों के पास से 03 टच मोबाइल जप्त किया गया है। थाना एन.के.जे. कटनी में आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गांजा के संबंध में आरोपियों से पृथक से पूछताछ की जा कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

गांजा तस्करी में पुलिस ने तीन तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है उनमें ) टूटू पारधी आदिवासी पिता मोहन पारधी निवासी चैपरा शाहनगर जिला पन्ना, समीम खान पिता अजीब खान निवासी टिकरिया शाहनगर जिला पन्ना, अंकित यादव पिता पुरूषोत्तम यादव निवासी ग्राम टिकरिया, शाहनगर जिला पन्ना शामिल हैं।

कार्यवही में थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत , उप.निरी.महेन्द्र जयसवाल चौकी प्रभारी खिरहनी ,सउनि सहपाल परतेती, सउनि केवल उईके, प्र0आर0 प्रहलाद सैयाम, आरिफ हुसैन, गणेश दत्त मिश्रा, राजेश चैधरी, कुलदीप सिंह आर. चालक 196 ओमशिव तिवारी, आर. अजय शंकर साकेत साइबर सेल कटनी की विशेष भूमिका रही।

## सीईओ ने ली समीक्षा बैठक, कम प्रगति पर जताई नाराजगी



मंगलवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सभागार में जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी की अध्यक्षता में सेक्टर ढीमरखेड़ा और खमतरा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने वीसी के माध्यम से सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण कराने के साथ-साथ एक बगिया मां के नाम, मनरेगा,समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा अन्य निर्माण एवं विकास कार्यों में प्रति दिवस निगरानी करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी द्वारा सहायक यंत्री अजय केसरवानी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में विस्तार से ग्राम पंचायत वार योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली जाकर समीक्षा की गई। जनपद सीईओ ने न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों पर नाराजगी जताई और संबंधित सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और नोडल अधिकारियों को दो दिवस के अंदर प्रगति लाने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्रवाई प्रस्तावित करने को कहा।

**दीपोत्सव पर्व नजदीक आते ही सजने लगा मिठाइयों का बाजार**

# पर्व में सेहत से न हो जाये खिलवाड़, बेरोकटोक बाहर से आ रहा मावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



दीपावली त्योहार नजदीक आ गया है। 18 अक्टूबर धनतेरस से दीपोत्सव पर्व का आगाज हो जायेगा। 20 अक्टूबर को दीपावली है। दीपोत्सव पर्व नजदीक आते ही बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे मिष्ठान कारोबारी मिठाई बनवाने का काम शुरू कर दिए है लेकिन क्षेत्र मे कारोबारियों के यहां बाहर से बेरोकटोक मावा आने लगा है।लेकिन शुद्धता की परख नहीं हो पा ही है जिससे खाद्य खाद्य सुरक्षा विभाग की लाफ़रवाही सामने आ रही है। ये लाफ़रवाही कही आमजनों की सेहत से खिलवाड़ न कर दे।

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्लीमनाबाद, बाकल,बहोरीबंद व कुआँ मैं बड़े मिष्ठान कारोबारी है।जिनके द्वारा बड़ी मात्रा मे दीपोत्सव पर्व पर मिष्ठान बनवाने खोबे का स्टॉक किया जा रहा है।खोबा दूसरे जिलों से बेरोकटोक आ रहा है।विकासखण्ड क्षेत्र मे जबलपुर व दमोह जिले से खोबा आ रहा है।खोबा मैं मिलावट है या नही बिना किसी शुद्धता की परख किये बिना धड़ल्ले से मिठाई बनवाने का काम जारी है। फिर उन्हें फ्रेजर में सुरक्षित रख दिया जाता है। लेकिन उन स्थानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नहीं पहुंच पा रहे है। साथ ही क्षेत्र मे खुली दूध डेयरियों पर कितना मिलावटी का कार्य चल रहा है। जहां तक पहुंचने में जिम्मेदार परहेज कर रहे है।

### सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे सड़क किनारे संचालित मिष्ठान दुकानों मैं सुरक्षा के लिए भी कुछ नहीं है। उसमें डस्ट और विभिन्न प्रकार के कण प्रवेश कर जाते है। वहीं सामग्री आमजनों को विक्रय हो जाती है। सप्ताह भर से अधिक समय की मिठाइयों को काउंटरों पर ताजा बताकर बेचा जा रहा है।साथ ही बहोरीबंद ,बाकल व कुआँ क्षेत्र मे भी दर्जनों स्थानों पर मिठाइयों की दुकानें संचालित हो रही है, लेकिन जांच के नाम पर इतिश्री की जा रही है।

### दूषित मिठाईयां बना सकती है बीमार

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मैं पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने बताया कि मिलावट मिठाइयों के सेवन करने से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। उल्टी दस्त के साथ हृदय पर असर पड़ता है। घर की बनाई हुई मिठाइयों को खाए। बाहर की मिठाइयों को लेने से परहेज करें।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि विकासखण्ड क्षेत्र में यदि बाहर से दीपोत्सव पर्व के चलते खोबा बाहर से आ रहा है तो इसपर नजर रखी जायेगी।साथ ही विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत संचालित मिष्ठान दुकानों का खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से निरीक्षण कराया जाएगा।मिलावट खोरो के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी।

**एक माह में संयुक्त रूप से निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिये निर्देश**

# कलेक्टर ने विस्फोटक अधिनियमों के पालन हेतु गठित किया जांच दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में आतिशबाजी दुकान, फैक्ट्री, भंडार गृह, मैगजीन, गैस गोदाम और पेट्रोल-डीजल पंपों पर विस्फोटक नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने भौतिक सत्यापन हेतु अनुभाग, तहसील व थानावार संयुक्त जांच दल गठित किया है। साथ ही इन जांच दलों को निरीक्षण कर एक माह के भीतर संयुक्त रूप से निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनुभाग स्तर विकासखंड कटनी में थाना कोतवाली, कुठला, माधवनगर, रंगनाथ नगर एवं एनकेजे के अंतर्गत जांच हेतु उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी, आयुक्त नगर पालिक निगम एवं नगर पुलिस अधीक्षक को शामिल किया गया है। इसी प्रकार थाना रीठी एवं बड़वारा के अंतर्गत उपखण्ड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ एवं डीएसपी हैड क्वार्टर, विजयराघवगढ़ में थाना उमरियापान एवं ढीमरखेड़ा के अंतर्गत उपखण्ड मजिस्ट्रेट ढीमरखेड़ा, एसडीओपी स्लीमनाबाद तथा विकासखंड बहोरीबंद में थाना स्ली मनाबाद, बहोरीबंद और बाकल के अंतर्गत उपखण्ड मजिस्ट्रेट ब हो री बं द औ र ए स डी ओ पी स्लीमनाबाद जांच करेंगे।

### तहसील व थानावार दल

तहसील कटनी में थाना थाना कोतवाली, कुठला, माधवनगर, रंगनाथ नगरएवंएनकेजे के अंतर्गत जांच हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी, सभी थाना प्रभारी और उपायुक्त नगर निगम को जांच की जिम्मेदिारी दी गई है। इसी प्रकर रीठी के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट रीठी, थाना प्रभारी रीठी, जनपद पंचायत सीईओ रीठी, थाना बड़वारा के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट बड़वारा, थाना प्रभारी बड़वारा, जनपद पंचायत बड़वारा सीईओ, थाना बरही के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट बरही, थाना प्रभारी बरही, जनपद पंचायत सीईओ बड़वारा एवं मुख्यप नगर पालिका अधिकारी बरही, थाना विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट विजयराघवगढ़, थाना प्रभारी विजयराघवगढ व कैमोर, जनपद पंचायत सीईओ विजयराघवगढ़ एवं मुख्या नगर पालिका अधिकारी विजयराघवगढ़ एवं कैमोर को शामिल किया गया है।

### ये भी करेंगे जांच

इसके अलावा थाना बहोरीबंद एवं बाकल के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट बहोरीबंद, थाना प्रभारी बहोरीबंद व बाकल जनपद पंचायत बहोरीबंद सीईओ, थाना स्लीमनाबाद के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट स्लीमनाबाद, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवं जनपद पंचायत बहोरीबंद सीईओ तथा थाना ढीमरखेड़ा एवं पानउमरिया के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रीट ढीमरखेड़ा, थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा व पान उमरिया और जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ द्वारा जांच की जायेगी।

**उत्पादन प्रभावित होने का सताने लगा किसानों का डर**

# धान की फसल पर रोगों का प्रकोप, सूख रही फसल, गुणवत्ता प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान में बीमारी लगने से किसान परेशान है। धान की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।जिससे किसानों को नुकसान होने की संभावना है। बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र में हल्की प्रजाति व भारी प्रजाति की धान मै मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते धान की फसल में बीमारियां लग रही है। खासतौर पर धान में भूरा माहू, उकटा रोग, तना छेदक का प्रकोप देखा जा रहा है। कुछेक स्थानों पर गंधीवग रोग भी लग रहा है। इन बीमारियों से किसानों को काफी नुकसान होने की संभावना है। अधिकांश किसान इसके बचाव के लिए प्रयास भी कर रहे हैं। कीटनाशक दवाओं का उपयोग भी कर रहे हैं। लेकिन कुछेक स्थानों में यह समस्या सबसे अधिक बनी हुई है। धान की फसल में बीमारी लगने से धान सूख रही है, जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।

### उत्पादन होगा प्रभावित

कृषक पवन यादव,अनुग्रह यादव,मनोज लोधी,राकेश साहू, रामनारायण यादव ने बताया किधान की फसल में बीमारी लगने से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। धान की फसल पकने को है 15 दिवस मै धान की फसल पककर तैयार हो जाएगी, लेकिन रोगों के प्रकोप से धान की फसल बदराने लगी है। जिससे उत्पादन भी प्रभावित होगा। इससे किसानों को काफी नुकसान होगा। हालांकि, किसान इसके रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिसमें उन्हें कुछ हद तक सफलता भी मिली है।वही अन्य किसानों ने अभी कुछेक स्थानों पर धान की फसल में तना छेदक, उकटा रोग लगने लगा है। जिसके कारण फसल को काफी प्रभावित हो रही है। इससे किसानों को काफी नुकसान होगा।

### फसलों को कीटों, बीमारियों से ले सकते हैं बेहतर उत्पादन

बहोरीबंद कृषि विभाग के प्रभारी एसएडीओ एमा वरिष्ठ कृषि ने बताया कि मौजूदा समय में धान की फसल मै कीटो का प्रकोप देखा जा रहा है!मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते धान की फसल में बीमारी लगने की संभावना बनी रहती है। भूरा माहू रोग धान के भीतर निचले भाग के तना /पत्तियों में बैठकर रस चूसता है, यह समूह में रहता है।

पैच के पैच में रस चूसकर फसल को पैरा जैसा बना देता है।भूरा माहू रोग के प्रकोप का कारण जमीनी सतह में पानी और तेज धूप की स्थिति के निर्मित होती है।भूरा माहू, तनाछेदक व उकटा रोग के प्रभावी नियंत्रण के लिए पायमेक्ट्राजिन 15 ग्राम+ क्लोरोपायरीफास 50 प्रतिशत, मात्रा 30 मिलीलीटर को, 15 लीटर पानी की क्षमता वाले स्प्रे पम्प में, अच्छी तरह घोलकर, धान फसल को तर करते हुए, तत्काल छिड़काव करावें।



### काम्बिंग गश्त में दर्जन भर स्थाई और गिरफ्तारी वारंट किये गये तामील

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद पुलिस के द्वारा गत रात थाना क्षेत्र में काबिंग गश्त की। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि काबिंग गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के फरार वारंटियों कि वारंट तामील कराते हुए धरपकड़ कि गई जिसमें वारंटी गिरानी सोनकर, छोटे सोनकर निवासी बाकल, हीरालाल चौधरी ,सुनील बर्मन निवासी बहोरीबंद, किशोरी रजक निवासी नीमखेडा ,शेख आरिफ निवासी बहोरीबंद को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कराया गया। काबिंग गश्त दौरान उनि धनजंय पांडे , सउनि अनुराग पाठक, मोनेंद्र सिह, ध्रुव सिंह, प्रधान आरक्षक, सुनील बागरी, आरक्षक दीपक, नरेंद्र, आकाश, मोहित साहू की भूमिका रही।

### दीपावली से पहले हो शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान

**स्लीमनाबाद।** 20 अक्टूबर को दीपावली है, जिसके अब चंद दिन ही शेष है लेकिन अभी भी शिक्षकों सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों का वेतन कटनी जिले में नहीं हुआ है। ऐसे मै कही दीपोत्सव पर्व फीका न पड़ जाये इसके लिए मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने दीपावली से पहले वेतन भुगतान इसके लिए आवाज उठाना शुरू कर दिया है। शिक्षक कांग्रेस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पत्राचार कर वेतन भुगतान की मांग की है। शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय प्रवक्ता ऋषि परौहा द्वारा प्रेषित विज्ञप्ति के अनुसार संगठन के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ,प्रमुख महामंत्री किशन रजक, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष आलोक परमार, नीलू उपाध्याय, शशि भूषण तिवारी,डॉक्टर स्मृति रत्न मिश्र, प्रांतीय महामंत्री राजीव पाठक, कमलेश त्रिपाठी, अकील अहमद अंसारी, प्रांतीय उपाध्यक्ष जनाब जावेद खान, एसके द्विवेदी ,रमाकांत शुक्ला, रामकुमार पाराशर, प्रांतीय सचिव मुकेश यादव, चंदूलाल भारती, मन्नू शर्मा आदि प्रांतीय पदाधिकारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि दीपावली महापर्व माह के आखिरी सप्ताह में है अतः सभी शिक्षकों कर्मचारियों के लिए यह पर्व बिना अर्थाभाव के साथ मनाने का अवसर प्राप्त हो! इस हेतु सहानुभूति पूर्वक कर्मचारियों के हित में निर्णय लेते हुए 20 अक्टूबर के पूर्व वेतन के आदेश जारी कराए जाये।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने स्टेशनों में संदिग्ध व्यक्तियों से की गई पूछताछ

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने शहर में आपराधिक घटनाएं, चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए और अधिक चौकन्ना रहने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे ने पुलिस टीम के साथ कटनी एवं मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर आने जाने वालों से पूछताछ करते हुए दस्तावेजों के आधार पर उन्हें वेरीफाई किया। कोतवाली प्रभारी ने रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने के साथ ही आसपास खड़े आवारा तत्वों को फटकार लगाती नजर आई। जरा सा भी आचरण संदिग्ध प्रतीत होने पर लेडी कोतवाल तपाक से पूछती दिख रही थी, क्यों भाई यहां क्यों खड़े हो, इधर आओ, कौन हो, कहां से आए हो, आधार कार्ड या अपना कोई अन्य पहचान पत्र दिखाओ, शहर आने का तुम्हारा मकसद क्या है यह बताओ। पुलिस की इस तरह की कार्रवाई आपराधिक तत्वों के मन में भय अवश्य पैदा करेगी।

### समग्र ई-केवायसी का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से तत्काल प्रभाव से एक आदेश जारी करते हुए समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन अंतर्गत समग्र ई-केवायसी का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने हेतु शैलेष गुप्ता उपायुक्त को नोडल अधिकारी एवं जागेश्वर प्रसाद पाठक, राजस्व अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा जारी आदेश में संबंधित अधिकारियों को अपने मार्गदर्शन व निर्देशन में कार्ययोजना बनाकर समग्र ई-केवायसी कार्य की प्रगति से रोजाना अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

### सफाई के साथ कीटनाशक दवा का किया गया छिड़काव

**कटनी।** पर्वो एवं आगामी त्योहारों के चलते नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर मुख्य मार्गो, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों सहित कार्तिक माह के दौरान दीपदान हेतु घाटों की सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नागरिकों को सुचारू सफाई व्यवस्था मुहैया कराई जा सके इस हेतु विभिन्न प्वाइंटों से कचरे के उठाव कार्य के साथ ही डोर टू डोर कचरे का संग्रहण भी किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही संचारी बीमारियों के नियंत्रण पर किये जा रहे प्रयासों के तहत विगत रात्रि विश्राम बाबा वार्ड एवं रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड के विभिन्न मुख्य मार्गो, गलियों, बस्तियों में फागिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुएं का छिड़काव किया जाकर मच्छरों के नियंत्रण के प्रयास किए गए।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 29 अक्टूबर को

**कटनी।** आगामी जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 29 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे से पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार आयोजित होगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि बुधवार,15 अक्टूबर को आहूत सामान्य सभा की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। सामान्य सभा की बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ कृषि, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, शिक्षा, स्वास्थ्य,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,पीआईयू, सहकारिता,महिला एवं बाल विकास,वन, खनिज, नर्मदा घाटी ,उद्योग, प्रधानमंत्री सड़क एवं सिंचाई विभाग के अंतर्गत विभागीय योजनाओं, गतिविधियों और प्रगति की जानकारी पर चर्चा होगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों/ सहायक यात्रियों को पूर्व बैठक के निर्णय एवं चर्चा अनुसार पालन प्रतिवेदन की जानकारी सहित बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

#### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध, निगरानी समिति का हुआ गठन

# फसल अवशेष में आग लगाना पड़ेगा महंगा कार्यवाही के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नरवाई में आग लगने की घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण रखने और जन समान्य के हित, सार्वजंनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की हानि रोकने एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने कानून व्यवस्था एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से बीएनएसएस 2023 की धारा 163 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कटनी जिले की सीमा के अंतर्गत किसानों द्वारा फसल कटाई उपरांत नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर दिया है।

कलेक्टार श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रायः यह देखा जाता है कि फसल कटाई के पश्चाीत किसान अपने खेतों में हरे डण्ठयलों, फसल अवशेष (नरवाई) में खुले रूप से सुरक्षात्म्क उपायों को अपनायें बिना आग लगाकर खेतों की सफाई करते है। इससे उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्यल तरीकों से अग्नि की बड़ी दुर्घटना होने की संभावना होती है। फसल अवशेष में आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है तथा पर्यावरणीय प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही जनहानि एवं पशु पक्षियों की हानि की भी संभावना बनी रहती है।



कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले प्रत्येरक कम्बोईन्ड हार्वेस्ट र के साथ भूसा तैयार करने हेतु स्ट्रा रीपर अनिवार्य रूप से रखा जाये या कम्बायईन्डश हार्वेस्टसर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टेम लगाना अनिवार्य होगा। जिले में चलने वाले कम्बाजईन्डं हार्वेस्टार के साथ स्ट्रा रीपर या स्ट्रास मैनेजमेंट सिस्ट म की सतत निगरानी विकासखण्डन स्त्रीय और ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति द्वारा की जायेंगी। साथ ही बिना स्ट्रा रीपर व स्ट्रार मैनेजमेंट सिस्टतम के कम्बा ईन्डय हार्वेस्टार चलाये जाने पर हार्वेस्टरर मालिक पर वैधानिक कार्यवाही एवं दण्डर अधिरोपित किया जायेंगा।

#### जुर्माने का प्रावधान

नरवाई जलाने पर, जिन कृषकों के पास दो एकड़ से कम जमीन है उन्हें 2 हजार 500 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्डद देना होगा। जबकि जिन कृषकों के पास 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम जमीन है, उन्हेंब 5 हजार रूपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों को 15 हजार रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्डर देना होगा।

#### बनाया नोडल अधिकारी

कलेक्टनर श्री तिवारी ने फसल अवशेष प्रबंधन के प्रचार-प्रसार हेतु संबधित विकासखण्ड के वरिष्ठल कृषि विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया है तथा उन्हेंत अपने विकासखण्डल क्षेत्र में फसल अवशेष प्रबंधन हेतु हैप्पीर सीडर, सुपर सीडर एवं अन्यक कृषि यंत्रों के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

जिले में आदेश का पालन सुनिश्चित कराने हेतु उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास को नोडल अधिकारी एवं सहायक कृषियंत्री सहायक नोडल अधिकारी होगे। सेटेलाईट के माध्यम से फसल अवशेष जलाने वाली घटनाओं की जानकारी सहायक कृषि यंत्री द्वारा जिला प्रशासन एवं ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति को प्रदाय की जायेगी।

#### निगरानी समिति गठित

आदेश के उल्लंघन होने की स्थिति में ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति में सम्मिलित सदस्य क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, ग्राम कोटवार संयुक्त जाँच कर प्रतिवेदन संबंधित तहसीलदार को प्रस्तुत करेगें। तहसीलदार अपनी अनुशंसा सहित ऊपर निर्धारित दण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही करने के लिये प्रकरण अनुविभागीय दण्डाधिकारी को प्रेषित करेगें। अनुविभागीय दण्डाधिकारी युक्तियुक्त अवसर प्रदान कर दण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही करेगें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लं घन भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डलनीय होगा।

## राज्य स्तरीय कराटे टूर्नामेंट में कटनी का नाम किया रोशन, जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने छिंदवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में कटनी जिले का नाम रोशन करने वाली गोल्ड मेडल विजेता चार बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये शाबाशी दी और भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दिया। एडीपीसी रमसा अभय जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश नीति आयोग के तत्वावधान में बीते रविवार एवं सोमवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छिंदवाड़ा जिले में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कटनी जिले की टीम ने मध्यप्रदेश में ओवर ऑल प्रतियोगिता में तीसरा रैंक हासिल किया है। जिले के विजयराघवगढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाली कक्षा 12वीं की छात्रा ऋतु पटेल एवं पल्लवी पटेल ने अंडर-19 कराटे प्रतियोगिता वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसी प्रकार इशिता गोड़ और आंचल गोंड़ ने भी प्रतियोगिता में कराटे अंडर-17 वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

## रेस्टोरेंट में गंदगी मिलने पर नोटिस किया जारी

**कटनी।** आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत मिठाई की दुकानों में साफ-स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां, नमकीन और अन्य खाद्य सामग्री का निर्माण, विक्रय सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार जांच दुकानों की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसीलदार आशीष अग्रवाल एवं ऋषि गौतम के नेतृत्व में सुभाष चौक स्थित देश भंडार स्वीट्स की जांच की गई एवं दुकान से खोवा, खोवा वर्क रोल, खोवा पिस्ता बर्फी, बालूशाही, भुजिया सेव, रसगुल्ला के नमूने लिए गए। इसके अलावा दुर्गा चौक स्थित न्यू बीकानेर मिष्ठान भंडार से खोवा, काजू कतली, छेना स्वीट के नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं जांच के दौरान गोलू रेस्टोरेंट के किचन में नियमानुसार सफाई नहीं पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया गया है। जांच हेतु लिये गये नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जाएगी।

## एएनएम की स्वास्थ्य केन्द्रों एवं गांवों में उपलब्धता हर हाल में हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान की डिस्ट्रिक्ट लेवल कन्वर्जेन्स कमेटी की बैठक में स्वास्थ्य और बाल विकास विभाग को अभियान के उद्देश्यों के प्रति गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को फोकस कर एनीमिया मुक्त करने की दिशा में प्रभावी और ठोस पहल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मातृ शिशु स्वास्थ्य की दिशा में आंगनबाड़ी और मुख्य रूप से माध्यमिक स्कूलों के बच्चों, शिशुओं, किशोरियों के साथ ही गर्भवती धात्री महिलाओं को आयरन एवं कृमिनाशक एल्वेण्डाजोल की गोलियां खिलाईं जाय।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एसएस मरावी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी सहित सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी मौजूद रहें। कलेक्टर ने कहा कि सभी स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में आयरन की गोलियां और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पिलायी जाने वाली आयरन, फोलिक एसिड सप्लीमेंट सिरप की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर ध्यान दें।

#### कलेक्टर की दो टूक

कलेक्टर श्री तिवारी ने दो-टूक लहजे में सीएमएचओ को निर्देशित किया कि उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता का पहुंचना और गांवों में उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने महिला बाल विकास के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में प्रभावी पहल किया जाय। वितरित पोषण आहार की पोषण ट्रेकर एप में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रातः 11 बजे तक रिपोर्ट दर्ज कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। कलेक्टर ने जिला परियोजना समन्वयक को ताकीद किया कि वे यह सुनिश्चित करें की स्कूली बच्चों को एनीमिया से मुक्त करने वाली आयरन गोलियां मिलें। साथ ही इन सब का एक ठोस एवं कारगर मॉनिटरिंग सिस्टम भी तैयार किया जाय।

### सुगम यातायात बनाये रखने ननि व यातायाता अमले ने की कार्रवाई



दीपावली पर्व के दौरान नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सुगम यातायात व्यवस्था हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर के मुख्य मार्गों सहित बाजार क्षेत्रों में सुचारू आवागमन मुहैया कराने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के परिपालन में सोमवार को नगर निगम के अतिक्रमण शाखा द्वारा यातायात विभाग के सहयोग से संयुक्त रूप से नगर के मुख्य मार्ग, बाजार क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान मुख्य मार्गो के किनारे अव्यवस्थित रूप से सामग्री रखकर विक्रय कर रहे छोटे व्यापारियें से संवाद कर निर्धारित सीमा में ही सामग्री रखकर बिना आवागमन प्रभावित किये व्यवसाय करने हिदायत दी जाकर पर्वों के दौरान सुचारू यातायात बनाए रखने का आग्रह किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को बहोरीबंद मे पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया( इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों ओर नगर के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या मै भाग लिया!आयोजन का उद्देश्य संगठन के अनुशासन,राष्ट्रीय भावना ओर समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्दता को दर्शाता है!शस्त्र पूजन अनुष्ठान के बाद स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश मै नगर के मुख्य मार्गो से पथ संचलन निकाला!जगह -जगह मार्गो पर नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर ओर शंखनाद के साथ स्वयं सेवकों का स्वागत किया!पूरे नगर मै भारत माता की जय ओर वन्दे मातरम के उद्घोष गूंज उठे, जिससे देशभक्ति का माहौल निर्मित हुआ!विधायक प्रणय पांडेय पथ संचलन मै हुए शामिल -राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष उत्सव पर गणवेश पहन शस्त्र पूजन मै शामिल हुए ओर फिर पथ संचलन भी किया।

इस दौरान जिला सह कार्यवाह सिद्दार्थ सिंह बघेल ने कहा कि संघ की स्थापना का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, सेवा भाव ओर राष्ट्र चेतना को बढ़ावा देना था!आज संघ जब शताब्दी वर्ष मै प्रवेश कर रहा है, तब हमें इन मूल्यों को ओर अधिक प्रगति करने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय मै संघ समाज कल्याण कार्यक्रमों, जन संपर्क अभियानो ओर युवा सशक्तिकरण योजनाओं को ओर व्यापक रूप से लागू करेगा। संघ ने देश हित को सर्वोपरि रखते हुए व्यक्ति निर्माण कि सतत प्रक्रिया चलाई है। इसी उद्देश्य कि पूर्ति के लिए संगठन ने पंचतंत्र सूत्र परिवार संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध ओर नागरिक कर्तव्य पर आधरित जागृति अभियान देशभर मे प्रारम्भ किया है।

#### एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया नाइट काम्बिंग गश्त

## सालों से फरार 29 वारंटियों को पकड़ा एमव्ही एक्ट के तहत 19 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में कम्बिंग गश्त के दौरान संगठित और सख्त कार्रवाई की गई। जिले के समस्त अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 200 से अधिक पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित कर नाइट कॉम्बिंग गश्त का संचालन किया गया।

नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान की गई कार्यवाही में 29 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी, जो वर्षों से फरार थे। 111 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। कम्बिंग गस्त के दौरान न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों में जारी 25 जमानती वारंटो एवं 45 संमस को किया गया तामिल। 51 निगरानी बदमाशों एवं 60 गुण्डा बदमाशों की जांच की गई। 26 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस द्वारा 19 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त किये गये ।

जुआ खेलते पाये जाने पर जुआड़ियो के विरूद्ध 05 प्रकरण कायम किये गये। 01 आरोपी के पास अवैध हथियार पाए जाने पर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किया गया ।

कम्बिंग गस्त के दौरान की गई अन्य कार्यवाही -धारा 170

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 13 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा परिशांति कायम रखने हेतु 82 प्रकरणों में 98 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 3 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही की गयी।

#### कार्रवाई और सुरक्षा उपाय

प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच। बिना कारण देर रात घूम रहे संदिग्ध युवकों को सख्त चेतावनी। यात्रियों और परिवारों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने में सहायता। बैंकों और एटीएम पर सुरक्षा बलों द्वारा औचक निरीक्षण।

पुलिस का यह अभियान अपराधियों में भय पैदा करने के साथ ही आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। भविष्य में भी कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कॉम्बिंग गश्त जारी रहेगी।

#### जनपद सीईओ ने कहा जांच कराकर नियमानुसार होगी कार्यवाही

## रंगमंच निर्माण कार्य में मानकों एवं नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ग्राम पंचायत उमरियापान में रंगमंच निर्माण कार्य में अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। लगभग 1,90,000 की लागत से रंगमंच (मंच) का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ग्राम में कुल चार रंगमंचों का निर्माण एक साथ कराया जा रहा है।इन निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी पंचायत की है, किंतु पंचायत द्वारा निर्माण कार्य को ठेकेदार को सौंप दिया गया है, जो कि पंचायत नियमों के विपरीत है।

ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत, पंचायत स्तर पर होने वाले निर्माण कार्यों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। निर्माण एजेंसी के रूप में पंचायत ही जिम्मेदार होती है। किसी भी पंचायत को अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यों का ठेका निजी ठेकेदार को देने की अनुमति नहीं होती। पंचायत को स्वयं श्रमदान, मजदूरी और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से कार्य संपन्न करना चाहिए।पंचायत कार्यों में ठेकेदारी प्रणाली निषिद्ध है। ऐसा इसलिए ताकि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें। परंतु उमरियापान पंचायत ने इन नियमों की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य को ठेके पर दे दिया, जो कि सीधा नियमों का उल्लंघन है, निर्माण कार्य में प्लिंथ बीम (नींव की बीम) डाले बिना सीधे लेंटर (छत) का निर्माण किया गया है। यह न केवल तकनीकी दृष्टि से गलत है, बल्कि भवन की सुरक्षा और मजबूती पर गंभीर प्रश्न उठाता है। बिना प्लिंथ बीम के भवन का भार सीधे दीवारों पर पड़ता है, जिससे भविष्य में दरारें आने, झुकाव होने या ढह जाने का खतरा बढ़ जाता है।



सूत्रों के अनुसार, निर्माण कार्य में "नॉट फॉर सेल" सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। यह वह सीमेंट होती है जो उद्योगों द्वारा परीक्षण या विशेष प्रयोजनों के लिए बनाई जाती है, और आम निर्माण कार्यों में इसके उपयोग की अनुमति नहीं होती। पंचायती राज विभाग के निर्देशों के अनुसार, ग्राम पंचायत स्तर के निर्माण कार्यों में "नॉट फॉर सेल" सीमेंट का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस प्रकार का सीमेंट प्रयोग करने से निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और यह सरकारी धन के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है।

रंगमंच निर्माण के लिए स्वीकृत राशि 1.90 लाख प्रति मंच है। यदि चार मंचों का निर्माण हो रहा है, तो कुल राशि लगभग 7.6 लाख के आसपास बैठती है। इस राशि का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है, इस पर कोई स्पष्ट अभिलेख सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराया गया है। माप पुस्तिका , वाउचर, बिल और निर्माण सामग्री की खरीद संबंधी दस्तावेजों की जांच करने पर कई गड़बड़ियाँ सामने आ सकती हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि पंचायत में वित्तीय पारदर्शिता का अभाव है। पंचायत को निर्माण कार्यों के लिए तकनीकी सहायक (इंजीनियर) से अनुमोदन लेना आवश्यक है। कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए साइट निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए। निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे रेत, सीमेंट, गिट्टी आदि का सही रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए। कार्य पूरा होने के बाद सार्वजनिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) किया जाना चाहिए। परंतु उमरियापान पंचायत में इन सभी बिंदुओं की अनदेखी होती प्रतीत होती है। न तो कार्य का तकनीकी निरीक्षण हो रहा है, न ही किसी अधिकृत इंजीनियर की उपस्थिति में निर्माण कराया जा रहा है।

#### इनका कहना हैं

जनपद सीईओ ढीमरखेड़ा यजुर्वेंद्र कोरी का कहना है कि ग्राम पंचायत उमरियापान में जो अनियमितताएँ हैं उसकी नियमानुसार जांच कराकर कार्यवाही की जाएंगी।

## ब्लाक समन्वयक के अनुपस्थित रहने से प्रधानमंत्री आवास के कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



जनपद कार्यालय में पदस्थ ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास अंकित श्रीवास्तव के विगत अगस्त माह से दिनांक 14,10,2025 तक निरन्तर कार्यालय से अनुपस्थित रहने से प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दूरस्थ ग्रामों से लोग अपने कार्य करवाने जनपद पंचायत बड़वारा आते हैं किंतु ब्लाक समन्वयक अंकित श्रीवास्तव के कार्यालय में नही रहने से निराश होकर अपने ग्रह ग्राम को वापस चले जाते हैं। ब्लाक समन्वयक अंकित श्रीवास्तव का यह रवैया काफी समय से चल रहा है ये अधिकतर कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं।

#### जारी किया है नोटिस

इस विषय मे जब बड़वारा जनपद कार्यालय की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा तेकाम से जानकारी चाही तो उनका कहना था जी हां अंकित श्रीवास्तव ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास विगत अगस्त माह से अनुपस्थित हैं उन्हें जिला से भी कार्य से अनुपस्थित रहने के लिए नोटिस जारी की गई है एवम जनपद पंचायत बड़वारा से भी कार्य से लगातार अनुपस्थित रहने के लिए नोटिस जारी की गई है इसके बावजूद अंकित श्रीवास्तव कार्य मे उपस्थित नही हो रहे हैं जिसके चलते कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अंकित श्रीवास्तव संविदा में हैं संविदा वालों को 15 दिन से अधिक के मेडिकल लेने की पात्रता भी नही है।

**खबर संक्षेप**

## दमोह में मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**दमोह।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की कार्यवाही के पर्यवेक्षण हेतु म.प्र. नगरपालिका निर्वाचन नियम एवं म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम के अंतर्गत निहित प्रावधान के तहत रा.प्र.से. भारत भूषण गंगेले (सेवानिवृत्त), हनुमान टोरिया के पीछे बकायन मार्ग छतरपुर मोबाइल नंबर को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया प्रेक्षक को दी जाने वाली सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के अंतर्गत मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2025 हेतु 14 से 19 अक्टूबर 2025 तक प्रेक्षक व्यवस्था एवं लाइजनिंग ड्यूटी के लिये विकासखण्ड समन्वयक जनपद पंचायत धर्मेन्द्र रजक जबेरा को पदाविहित किया है। उन्होने बताया कि उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।k

## पीड़ित ने एसपी को सौंपा आवेदन, जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** घुवारा चौकी क्षेत्र में जमीन पर कब्जा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम अमरवा निवासी सोनू यादव (28) पुत्र सूका यादव ने आरोप लगाया है कि काशीराम यादव, ब्रजवंदन यादव, रमेश यादव और राजाराम यादव ने उसकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़ित के अनुसार वह अपने बाप-दादाओं के समय से पुराने मकान में रहकर पीछे की जमीन पर खेती करता आ रहा है। आरोप है कि 9 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने उसकी जमीन पर तारवारी लगाकर कब्जा कर लिया। इसकी शिकायत सोनू यादव ने चौकी घुवारा में की थी। सोनू यादव का कहना है कि अगले ही दिन आरोपियों ने उसके खेत पर और अधिक कब्जा कर लिया। जब उसने 13 अक्टूबर को फिर से शिकायत की तो पुलिस ने सही तरीके से रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

### बड़ी संख्या में आदिवासी एवं वन्य निवासियों ने आवेदनों के साथ रैली में भाग लिया

# एकता परिषद ने भूमि के मुद्दों व वन विभाग की तानाशाही के विरूद्ध कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले दमोह जिले के ब्लॉक तेन्दूखेडा, जबेरा, हटा, दमोह,पटेरा के अनेक ग्रामों के सैकड़ों आदिवासी एवं समस्या ग्रस्त ग्रामीणजनों ने कलेक्टर व्दारा आयोजित जनसुनवाई में रैली के माध्यम से आवेदनों के साथ पहुंचकर वन एवं राजस्व भूमि एवं आजीविका के मुद्दे एवं वन विभाग की तानाशाही रोकने को अपना ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कलेक्टर की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर श्री गोस्वामी व्दारा लिया गया। इस संबंध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान, एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे,अयोध्या प्रसाद, भूपेंद्र सिंह, मन्नू सिंह, श्याम लाल धुर्वे, पंचम सिंह, प्रताप सिंह, नन्नू आदिवासी, राम चरन, आदिवासी आदि ने बताया कि दमोह जिले भर मे में वन अधिकार कानून का सक्रिय क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, वनाधिकार कानून के त्रुटि पूर्ण वन पत्रों में सुधार करने, वन पत्र धारक आदिवासियों का पंजीयन कर उन्हें पीएम किसान सम्मान निधी योजना की राशी प्रदान करने, बरसों से राजस्व भूमि पर काबिजों को भू- स्वामित्व हक का पट्टा देने, चौरईया लमती नाला से पाटन गाँव तक पक्की सड़क निर्माण कार्य कराने, पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन प्रबन्धन ((वन विभाग) व्दारा जारी बेदखली की कार्यवाही रोकने, आदिवासी बहिनों को लाडली बहना योजना से जोड़ने, अतिवृष्टि प्रभावितों को मुआवजा देने, आदिवासी की छीनी गई भूमि दबंगों से वापिस दिलाने स्मरण पत्र जैसे मुद्दों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। साथ ही कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से भूमि के मुददो के धरातलीय एवं स्थायी समाधान के लिये जन संगठन एकता परिषद एवं जिले के भूमि के मसलों पर कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओ के साथ जिला समन्वय बैठक आयोजित करने की विशेष मांग की गई। इस मौके पर बाल विवाह रोकने पर सभी उपस्थितजनों को संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के व्दारा सामुहिक शपथ भी दिलवाई गई। एवं श्री दुबे व्दारा बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों के बारे मे प्रकाश डाला गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जिले भर के सैकड़ों महिला- पुरुष मौजूद रहे।

## सनकुईया विद्यालय में संकुल स्तरीय शिक्षकों की हुई कार्यशाला



**हटा।** विकासखंड के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सनकुईया में मंगलवार को संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बिनती, करैया जोशी, कनकतला, कांटी, पुरैना, उदयपुरा, हरदुआ पंचम, हिम्मत पट्टी, मडरगढ़, महगुंआ माफी, देवलाई, धूमा, झामर, चकरदा, देवरी, काईखेड़ा, डोली, टपरन टोला, नया खेड़ा, रामपुर तिगरा, अचलपुरा, सनकुईया के लगभग 36 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य विषय विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर एवं शिक्षा में सुधार लाना था कार्यशाला में संकुल प्राचार्य विजय कुमार प्यासी, बीआरसी एमएल अहिरवार, डाइट व्याख्याता विजय बहादुर सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती उमा सोनकिया, जन शिक्षक हारुन खान, लालजू अहिरवार, सनकुईया माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव मुकेश रैकवार कमलेश ताम्रकार अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से गगन शुक्ला ने विचार रखें एवं समस्त शिक्षकों ने अपने अपने अनुभव सांझा किए। बदलाव की बयार पर विचार हुआ। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के प्रधान अध्यापक मनोज नामदेव द्वारा आभार व्यक्त किया।

### शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल भी जरूरी : डॉ सुयश

# मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने दिये टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




लायंस क्लब के तत्वावधान में, सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केशवनगर, दमोह में आज एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार 'मेंटल हेल्थ' (मानसिक स्वास्थ्य) विषय पर केंद्रित था, जिसमें नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन (NMO) के सदस्य डॉ. सुयश शेंडे ने मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षकों, लायंस क्लब के सदस्यों, अभिभावकों, समिति सदस्यों एवं अतिथियों को संबोधित किया। डॉ. शेंडे ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों और अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने तनाव, परीक्षा का दबाव, और किशोरावस्था से जुड़ी मानसिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि जिस तरह शारीरिक स्वास्थ्य आवश्यक है, उसी तरह मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल भी ज़रूरी है। डॉ. सुयश शेंडे ने तनाव (stress) के प्रबंधन के लिए व्यावहारिक तकनीकें सिखाईं, जिनमें माइंडफुलनेस, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित शारीरिक गतिविधि शामिल हैं। उन्होंने सभी को सलाह दी कि वे अपने मन की बात खुलकर साझा करें और आवश्यकता पड़ने पर पेशेवर मदद लेने में संकोच न करें। इस पहल में लायंस क्लब दमोह का सक्रिय सहयोग रहा, जिसने समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाया। स्कूल प्रबंधन की ओर से राजीव अयाची ने इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सेमिनार हमें न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मज़बूत बनाते हैं। सेमिनार में स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. स्वप्ना तिवारी, स्कूल के व्यवस्थापक लालजी राम पटेल, शिक्षकगण, लायंस क्लब के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल एवं क्लब तथा स्कूल समिति के सदस्य और शैक्षिक संस्थान से जुड़े अन्य शिक्षकगण व विद्वान उपस्थित थे, जिन्होंने डॉ. शेंडे से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा। यह आयोजन समस्त जन को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देने में सफल रहा। कार्यक्रम का परिचय सुधीर असाटी ने रखा एवं कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक अंकित जैन ने किया।

### श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस पर भक्तों ने लिया रुक्मणी विवाह का रसपान

# भाव के बिना भगवान कीमती चीजें भी नहीं स्वीकारते : आशीष कृष्ण चरणानुरागी

**सिंग्रामपुर।** ग्राम सिंग्रामपुर में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक पंडित आशीष कृष्ण चरणानुरागी गुरु महाराज ने कहा कि भगवान केवल भावना से प्रसन्न होते हैं, बिना भाव के वे कीमती चीजों को भी स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि यदि कोई भक्त सच्चे मन से एक फूल भी अर्पित कर दे तो प्रभु प्रसन्न हो जाते हैं। जब मनुष्य में ईश्वर प्रेम का भाव जागृत हो जाता है, तो वह संसार के मोह-माया से मुक्त होकर भक्ति मार्ग में स्थिर हो जाता है। कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग का दिव्य वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को अमृतमय भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा पंडाल में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें महारास लीला, गोपी-उद्धव संवाद, और श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव प्रमुख रहे। महाराज श्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भगवान भोलेनाथ भी उनके बाल रूप के दर्शन के लिए गोकुल पहुंचे थे। मथुरा गमन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब अक्रूर जी भगवान को मथुरा ले जाने आए, तब ब्रज की समस्त गोपियां रथ के आगे खड़ी होकर करुणा भरे स्वर में बोलीं — "हे कन्हैया, जब तुम्हें हमें छोड़कर जाना ही था, तो हमसे प्रेम क्यों किया?" कथा स्थल पर भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। रुक्मणी विवाह प्रसंग में रुक्मणी मंगल झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें श्रद्धालु झूम उठे। भजन की मधुर ध्वनियों से वातावरण गूंज उठा और भक्तजनों ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह के इस पवित्र उत्सव का हर्षोल्लास से आनंद लिया।





# नियमों की धज्जियां उड़ा रहे कानफोडू साइलेंसर

## प्रतिबंध के बाद भी बाइक में लगवा रहे मॉडिफाइड साइलेंसर पुलिस द्वारा नहीं की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर नगर की सड़कों पर फर्राटे भरते बुलेट सवार राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बने हुए है। प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर कानफोड़ देने वाली आवाज के साथ सड़कों पर भागते इन बाइक सवारों पर अंकुश लगाना बेहद जरुरी है बेलगाम बाइकों की तेज आवाज सड़क दुर्घटनाओं की वजह बन रही है। दरअसल तेज आवाज और पटाखों की गूंज से सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार होते है। खासकर बुजुर्ग और महिलाएं इन बाइक सवारों से परेशान है तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा ऐसे बाइक सवारों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन आज तक पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिसके कारण बुलेट चालकों के हौसले बुलंद हैं और नगर में आतंक मचा रहे हैं।

### पटाखे की आवाज करती है तंग

नगर में दर्जनों मनचले युवक हैं, जिन्होंने मॉडिफाई साइलेंसर के साथ अपनी बुलेट के साइलेंसर में पटाखे की आवाज निकालने वाली मशीनरी फिट करवा रखा है। उनके द्वारा नगर के अलग-अलग क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खासतौर पर जब कालेज एवं स्कूलों की छात्राएं एवं युवतियाँ सड़क पर होती हैं तो उनके पास पहुँचते ही पटाखे की आवाज निकालते हैं। जिससे आम राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो ऐसी स्थिति हो जाती है कि पटाखे की आवाज निकालने की वजह से लोग सकते में आ जाते हैं लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

### धीरे-धीरे कम होने लगती है सुनने की क्षमता

नगर के डॉक्टर्स का कहना है कि साउंड तो कोई भी हो, जो तय लेवल से ऊपर जाता है, वह कानों के लिए नुकसानदायक ही है। हम आपस में बात करते हैं, उसका लेवल 50-60 डेसिबल तक जाता है, लेकिन प्रेशर हॉर्न या मॉडिफाइड साइलेंसर का साउंड 80-90 डेसिबल या उससे अधिक जाता ही है। इनसे सीधा नुकसान नहीं होता, लेकिन लगातार इनकी आवाज कानों तक पहुंचने से सुनने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। सीधे कहें तो दो तरह से हमारे सुनने की शक्ति कम होने लगती है। पहला या तो साउंड लेवल एकदम हायर मिले या फिर थोड़ा कम लेवल बार-बार मिलता रहे, ये दोनों ही परिस्थितियां हमारे लिए नुकसानदायक हैं।

### संकरी गली-मोहल्ले के लोग परेशान

नगर की मुख्य सड़कों के अलावा बाइक सवार गली-मोहल्लों की संकरी गलियों में पटाखे फोड़ते है। जिसकी आवाज दोगुनी हो जाती है। ऐसे असामाजिक तत्वों से रहवासी खासे परेशान है। बाइक सवार रात के वक्त स्टंट करते हैं। जिससे लोगों की नींद में खलल पैदा होती है।

### क्या कहता है नियम

मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत अगर कोई वाहन 80 डेसिबल से ज्यादा शोर पैदा करता है, तो उस पर 10,000 रुपए तक का जुर्माना और छह महीने तक की जेल हो सकती है। मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने से ध्वनि प्रदूषण होता है। ऐसे साइलेंसर से होने वाला शोर वाहनों के आस-पास ध्यान भटकाता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। खराब साइलेंसर से वाहन झुक सकता है या रुक सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा हो सकता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

थाना प्रभारी नीतेश जैन ने कहा है पुलिस द्वारा जल्द ही विशेष अभियान चलाकर तेज आवाज व मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक जब्त की जाएगी साथ ही यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी



## जनसुनवाई में 256 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** जिले के दूर दराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की आज अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई के दौरान समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता निभाई। सामान्य जनसुवाई में 256 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत स्तर पर 34 आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए।इस दौरान 180 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्री गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह , लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पट्टी सिंगरोगढ़ में शराब बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग पट्टी सिंघौरगढ़ में सरपंच मूरत सिंह ठाकुर ने ग्राम वासियों को बुलाकर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं को बुलाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि आज के बाद हमारे ग्राम में कोई भी व्यक्ति शराब नहीं ब बेचेगा नहीं पीकर कोई गाली गलौज करेगा । अगर ऐसा कोई करता है तो बेचने वाले पर 11 हजार शराब पीकर गाली गलौज करने वाले पर 51 सौ का जुर्माना लिया जाएगा ऐसा न करने पर कानूनी कार्यवाही एवं सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा । बैठक में सरपंच मूरत सिंह सचिव मुलु सिंह सहायक सचिव नरेंद्र झरिया मुकेश झरिया भगवती मानव कल्याण संगठन से संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह जिला सचिव सुरेश राय किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह वीरेंद्र सिंह सेक्टर प्रभारी सुखदेव सिंह की उपस्थिति रही।

# किसी के सम्मान को कलंकित करना अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




पटेरा ब्लाक के सतरिया ग्राम पंचायत में पिछड़े वर्ग के व्यक्ति द्वारा वही के स्थानीय व्यक्ति के पैर घुलवाई को लेकर मामले की गूंज देश प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई हैं उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पीड़ति परिवार से मिलने त्रिस्तरीय समिति बनाते हुए सत्रिया ग्राम पंचायत वहॉ गॉव की जानकारी लेने और वहॉ का माहौल जानने पूर्व विधायक फूल सिंह बरैया, विनय सक्सेना विधायक सिदार्थ कुशवाहा को पहुंचाया वहॉ पहुंचकर उन्होंने देखा कि वहॉ के व्यक्तियों में डर एवं भय का माहौल है उक्त घटना की जानकारी से अवगत होकर जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वहा सब मानवीय दृष्टिकोड से पीड़ति परिवार से मिलने गये थे ऐसी घटनाओं से गॉव तो बदनाम हुआ किन्तु उक्त घटनाओं से जिला भी बदनाम होता है भारत का संविधान सभी जाति के लिये एकसा है और इस प्रकार के कारनामे करने का अधिकार किसी को भी नहीं है। पीड़ति परिवार पिछड़े वर्ग का है और सामूहिक रूप से मंदिर परिवार में इस तरह का कृत्य करना अशोभनीय है ऐसी घटनाओं पर शासन प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिये। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा कि उक्त घटना को माननीय उच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान में ले लिया है और जो दोषी है उन पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी जारी हो चुके है। इस अवसर पर संजय चौरसिया, पवन पटेल, प्रदीप पटेल, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, भूपेन्द्र आजवानी, दिनेश रैकवार, मंजीत यादव, अमित नामदेव, अफजल खान, बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहिताश, डालचंद कुशवाहा, अजय जाटव, अनुज ठाकुर सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने एक क्विंटल दूषित बर्फी का किया विनष्टीकरण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पथरिया नगर में मिठाई दुकानों की जांच की गई। बंडा तिराहा स्थित गोपाल स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। परिसर में संग्रहित खोवा पेड़ा एवं नमकीन के नमूने जांच हेतु लिए गए। परिसर में दूषित एवं दुर्गंधयुक्त बर्फी की एक क्विंटल मात्रा बाजार मूल्य 25,000 रुपए रखी पाए जाने पर विनष्टीकरण किया गया। संजय चौराहा स्थित श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार का निरीक्षण करके मिल्क केक एवं मिक्सचर नमकीन के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी तरह झंडा चौक स्थित कलू बड्डा स्वीट्स से छैने के रसगुल्ले एवं सोन पापड़ी के नमूने जांच हेतु लिए गए। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को परिसर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण में मिठाई,नमकीन एवं अन्य खाद्य सामग्री का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए।

# कांग्रेस चला रही वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



विधानसभा के ब्लाक कांग्रेस कमेटी जबेरा के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी आंदोलन वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान ग्राम जबेरा, सिंगरामपुर, सगोड़ी, साखा, हिनोति, बमुरिया,में अभियान चलाया गया जिसमें जबेरा विधानसभा के प्रभारी मार्तण्ड देव बुंदेला पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पन्ना, पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने गांव गांव जाकर ग्रामीणों से वोट चोरी के हस्ताक्षर करवाये साथ भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया। साथ श्री बुंदेला जी ने कहा कि हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी मीडिया के समक्ष वोट चोरी होने के सुबूत पेश किए जिसको लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की जिसमे चुनाव आयोग भाजपा की मिलीभगत से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में वोट चोरी करते है जिसमे सुबूत भी पेश किया। कर्नाटक में जिसको मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है साथ ही पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से पूरा मध्यप्रदेश त्रस्त हो गया स्मार्ट मीटर लगाकर अब भारी भरकम बिल आ रहे जिनके पहले 500 बिल आता था अब उनका 2000 से ऊपर बिल आ रहे है युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है। चाहे जनपद हो या तहसील उनमें भ्रष्टाचार मचा हुआ है हम सब मिलकर अब इस जनविरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रताप सिंह, मार्तण्ड देव बुंदेला, रघुनंदन तिवारी, लाल साहब बुंदेला, गोविंद तिवारी, तिलक सिंह, सुनील सिंघई, संध्या सिंह, तेजी यादव, ओमप्रकाश शर्मा ब्लाक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष, प्रमोद धनगर, संतोष रजक ब्लाक अध्यक्ष, राव लाखन सिंह, पिंटू दुबे, खेतसिंह लोधी, विश्वनाथ सिंह,अजय तिवारी, भगवत धनगर, दीपक यादव, द्वारका सिंह आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दमोह,दिनेश साहू, बिट्टन प्रजापति गोलू विश्कर्मा, अखिलेश सोनी, भगवत धनगर नितिन मिश्रा सीताराम, नारायण अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## सतरिया में हुई घटना पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**दमोह।** जबलपुर हाईकोर्ट ने दमोह जिले के पटेरा थाने के सतरिया गांव में एक ओबीसी युवक से पैर धुलवाकर पानी पिलवाने की घटनो को स्वतः संज्ञान में लिया है। माननीय उच्च न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही करने के निर्देश भी दमोह पुलिस प्रशासन को दिए है। हाईकोर्ट ने घटना को लेकर गम्भीर टिप्पणी करते हुए कहां कि जातीय भेदभाव और मानवीय गरिमा का बड़ा उल्लंघन हुआ है। इस तरह के जातीय पहचान प्रदर्शन से हिंदुओं का आंतरिक सौहार्द खतरे में पड़ने की बात भी कही गई है। कल 15 अक्टूबर को फिर से इस मामले में सुनवाई तय की गई है। दरअसल पूरे मामले को लेकर जहां प्रशासन ने भी गांव में सौहार्द्र बनाये रखने के लिये ग्रामवासियों से संवाद जैसे कार्यक्रम किये जा रहे है तो वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों के ऊपर कार्यवाही कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर मामले को शांत करने का प्रयास किया है।

## महावीर स्वामी जी का मोक्ष कल्याणक 21 को

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी जी का मोक्षकल्याणक महोत्सव 21 अक्टूबर 2025 को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक प्रभु चरणों में निर्वाण लाडू अर्पित किया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। 20 अक्टूबर को मानस्तंभ परिसर में सायंकाल दीपोत्सव एवं बुंदेली भजन गायक जितेंद्र जैन टड़ा के बुंदेली भजन गीतों की आकर्षक प्रस्तुति होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से धर्मलाभ लेने की

परिजन और ग्रामीणों ने लगाया जाम, पुलिस व अस्पताल प्रशासन पर लगाये गंभीर आरोप

# पिता कोतवाली में ढूंढता रहा बेटे को, चार दिन तक अस्पताल में लावारिश पड़ा रहा शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह/बनवार






जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के रोंड गांव निवासी हल्के भाई विश्वकर्मा चार दिनों तक अपने लापता बेटे की तलाश में कोतवाली के चक्कर लगाते रहे, जबकि उनका 23 वर्षीय पुत्र शुभम विश्वकर्मा जिला अस्पताल के शव गृह में लावारिश हालत में पड़ा रहा। जैसे ही मंगलवार सुबह परिजनों को बेटे के शव की पहचान हुई, तो गुस्साए परिजन और सैकड़ों ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और चौराहे पर जाम लगा दिया। परिजनों ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए और शुभम की हत्या की साजिश रचने वाले दोस्तों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### बाइक सर्विसिंग कराने दमोह आया था शुभम

हल्के भाई ने बताया कि उनका पुत्र शुभम 9 अक्टूबर को बाइक क्रमांक एमपी 34 एमएन 2911 से दमोह बाइक की सर्विसिंग कराने आया था। दोपहर करीब 3:40 बजे शुभम के दोस्त का फोन आया और उसने बताया कि दोनों ने शराब पी ली है और शुभम बेहोश हो गया है। पिता हल्के भाई ने कहा कि वे तुरंत पहुंचे, लेकिन जब वे मारुताल पहुंचे तो शुभम वहां नहीं मिला। बाद में उसी नंबर पर कॉल करने पर बताया गया कि वे लोग वहां से निकल चुके हैं। शुभम के घर न लौटने पर परिजनों ने रातभर खोजबीन की और 10 अक्टूबर कोतवाली में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में शुभम के दोस्त नितिन लोधी, समीर राय, रविंद्र ठाकुर और सौरभ सेन के नाम दर्ज किए गए।

### पुलिस ने चार दिन तक औपचारिकता निभाई

हल्के भाई ने बताया कि चार दिन तक पुलिस सिर्फ औपचारिक पूछताछ करती रही। न मोबाइल लोकेशन ट्रेस की गई, न साइबर सेल की मदद ली गई। सोमवार को एसपी से शिकायत करने के बाद शाम को पता चला कि बेटा चार दिन से जिला अस्पताल के शव गृह में रखा था। परिजनों ने कहा कि यह घटना पुलिस और अस्पताल दोनों की घोर लापरवाही का परिणाम है।

### हादसा या हत्या? जांच में जुटी पुलिस

पुलिस जांच में सामने आया कि 9 अक्टूबर की शाम शुभम की बाइक किसी वाहन से जबलपुर रोड पर टकराई थी। सीसीटीवी फुटेज में शुभम हादसे के बाद सड़क किनारे बैठा नजर आ रहा है। एक राहगीर ने उसे ऑटो से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीएसपी एच.आर. पांडे ने बताया कि गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद खोजबीन जारी थी। अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना न मिलने के कारण पहचान में देरी हुई।

### मंगलवार को जाम और प्रदर्शन

मंगलवार दोपहर परिजन और समाजजन अस्पताल चौराहे पर धरने पर बैठ गए और सड़क जाम कर दी। उनका कहना था कि अगर समय रहते कार्रवाई की जाती तो शुभम की जान बचाई जा सकती थी। प्रदर्शनकारियों ने तीन डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम, निष्पक्ष जांच और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### जांच टीम गठित

एसपी के निर्देश पर सीएसपी एच.आर. पांडे और कोतवाली टीआई मनीष कुमार के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई है। टीम सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और अस्पताल रिकॉर्ड की जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला सड़क हादसे का है या किसी साजिश से जुड़ा।

थाना दमोह देहात पुलिस की बड़ी सफलता

## अवैध पटाखों के 60 कार्टून जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

ज़िले में आगामी त्यौहारों को देखते हुए विस्फोटक पदार्थ, पटाखा/आतिशबाजी और अन्य विस्फोटक सामग्री के अवैध भंडारण, विक्रय और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दमोह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक एच. आर. पाण्डे के मार्गदर्शन में, थाना दमोह देहात पुलिस को यह सफलता मिली। थाना प्रभारी दमोह देहात, निरीक्षक रचना मिश्रा ने एक विशेष टीम गठित कर ग्राम इमलाई में छापा मारकर अवैध पटाखों के जखीरे पर कार्रवाई की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी शुभम पटैल और शुभम साहू के घर से भारी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण मिला। ये दोनों दिवाली के पूर्व बिना किसी वैध लाइसेंस के आतिशबाजी और विस्फोटक सामग्री का अवैध भंडारण कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा तत्काल जब्ती की कार्रवाई करते हुए छोटे-बड़े पटाखों/आतिशबाजी के कुल 60 कार्टून जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब पाँच लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक रचना मिश्रा थाना प्रभारी, सहायक उनि अकरम कान, प्रआर. आलोक, प्रआर. लखन राय सहित पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## मिशन अस्पताल मामले में आरोपी विजय लैंबर्ड गिरफ्तार

**दमोह।** फर्जी कार्डियालाजिस्ट बनकर प्रदेश में कई लोगो की जान लेने वाले एन जॉन कैम के कारनामों के खुलासे होने से शहर के मिशन अस्पताल पर भी ताला डल गया था। मामले में फर्जी कैथ लैब संचालन मामले में पुलिस को एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी विजय लैंबर्ड को पुलिस ने नैनीताल से गिरफ्तार किया। आरोपी के ऊपर तीन हजार का इनाम भी है। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से आरोपी के रिमांड की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। उल्लेखनी है कि मिशन अस्पताल में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट एन जॉन केम के इलाज से 7 मरीजों की मौत की घटना सामने आई थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया था, और अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही पाते हुए मामला दर्ज किया गया था। वहीं फरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम की घोषणा की गई थी। वहीं घटना के बाद शासन द्वारा भी अस्पताल को बंद कर दिया गया था। अस्पताल से जुड़े स्टाफ वाली एफआईआर में यह पहली गिरफ्तारी है। दरअसल मामले में लंबे समय तक गिरफ्तारी ना होने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता दीपक तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले से जुड़ी एक महिला आरोपी को पूर्व में न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल चुकी है।

## बनवार में एम्बुलेंस प्वाइंट कागजों पर, आपात स्थिति में नहीं मिल रही मदद

**बनवार।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। बनवार में स्थापित एम्बुलेंस प्वाइंट नाम के लिए तो मौजूद है, लेकिन यहां अकसर एम्बुलेंस का अता-पता ही नहीं रहता। आपात स्थिति में जब हादसा होता है, तो घायल मरीजों को समय पर सहायता नहीं मिल पाती। मजबूर परिजनों को किराए के वाहन, ऑटो या ट्रैक्टर से मरीजों को दमोह या जबलपुर तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सूचना देने के बाद भी एम्बुलेंस घंटों नहीं पहुंचती। बीते बुधवार की रात भी एक सड़क हादसे में घायल युवक को एम्बुलेंस का इंतजार करते हुए काफी देर हो गई। आखिरकार पुलिस और परिजनों को निजी वाहन से मरीज को अस्पताल ले जाना पड़ा। इस लापरवाही से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि शासन-प्रशासन केवल कागजों पर योजनाएं चला रहा है, जबकि ज़मीन पर हालत जस के तस हैं। इस संबंध में जब डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एम्बुलेंस सेवा दमोह जितेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि "बनवार में पॉइंट होने के बाद भी एम्बुलेंस क्यों नहीं रहती, इसकी जांच कराई जाएगी।"लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी हर बार सिर्फ जांच और आश्वासन तक सीमित रहते हैं। अब सवाल यह है कि प्रशासन कब नींद से जागेगा और बनवार सहित ग्रामीण इलाकों में एम्बुलेंस सुविधा को सच में सुचारु बनाएगा, ताकि किसी की जान देरी की भेंट न चढ़े।

## महाआरती का हुआ आयोजन



**फतेहपुर।** परमहंस योगिता श्री शक्तिपुत्र जी सदगुरुदेव जी के निर्देशन में एवं माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा जी की कृपा से आज नये मां गुरूवर जी के भक्त मुकेश सेन के निज निवास बडी खेर माता के पास फतेहपुर पर मां जगत जननी जगदम्बा जी व गुरुवर जी की दिव्यता की आरती सम्पन्न हुई। आयोजक मुकेश सेन फतेहपुर, टीम प्रमुख मोहन कुशवाहा, पिपरिया घनश्याम समापन बेला पर सुखराम कुशवाहा ने गुरूवर जी की विचारधारा से अवगत कराया गया। अंत में निःशुल्क शक्ति जल व प्रसाद वितरण किया गया।

## सतौआ के बच्चों ने सागर संभाग का गौरव बढ़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

उज्जैन संभाग में 13 अक्टूबर 2025 को आयोजित राज्यस्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला, सतौआ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर ग्राम, जिले एवं सागर संभाग का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्राएँ निहारिका चौबे, गायत्री अहिरवार, नंदनी चौबे, रक्षा पाल एवं आर्यन कुर्मी ने संस्कृत नृत्य नाटिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में सीमा अहिरवार ने अपनी उत्कृष्ट अभिव्यक्ति और प्रभावशाली प्रस्तुति के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों की उपलब्धि ग्राम सतौआ सहित पूरे सागर संभाग के लिए हर्ष का विषय है। अब यह प्रतिभाशाली विद्यार्थी आगामी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली बालरंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें।

## पटेरा में आचार्य श्री सिद्धांत सागर निःशुल्क औषधालय का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

बुंदेलखंड केसरी आचार्य श्री 108 सिद्धांत सागर जी महाराज, आचार्य नवीननंदी जी, मुनि श्री विश्वशील सागर एवं आर्यिका प्रशांत मति माताजी की जन्मभूमि ग्राम पटेरा में आचार्य श्री सिद्धांत सागर निःशुल्क औषधालय का शुभारंभ किया गया। इस औषधालय की प्रेरणा बालयोगी आचार्य सौभाग्य सागर महाराज से प्राप्त हुई है। पटेरा नगर में प्रारंभ हुए इस निःशुल्क होम्योपैथिक औषधालय में महिला, पुरुष एवं बच्चों के समस्त रोगों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। हर मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को सिंघई जैन मंदिर के पास, पटेरा में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. रेखा कस्तूर द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जायेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन पटेरा जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक बड़कुल द्वारा किया गया। इस औषधालय के संचालक राजेश बड़कुल, प्रमोद चौधरी, नीतेश बड़कुल एवं हेमन्त सराफ और संरक्षकःदीपक ताम्रकार 'छुट्टू' (उपाध्यक्ष नगर परिषद पटेरा)है। उद्घाटन समारोह में वक्ताओं ने कहा कि यह सेवा आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी तथा समाज में स्वास्थ्य और सेवा भावना को बढ़ावा देगी। इस अवसर अशोक सराफ, विजय बजाज, राजू इलेक्ट्रिकल, महेश सेठ, स्वप्निल सिंघई के साथ ही वैश्य संगठन, जैन समाज के अनेक पदाधिकारी एवं पटेरा के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सौभाग्य संस्कार ट्रस्ट दिल्ली के सौजन्य से कविता बड़कुल का सराहनीय सहयोग रहा।

जल्द से जल्द मंदिर ट्रस्ट की भूमि का सीमांकन किया जाए- कलेक्टर, कॉरीडोर का निर्माण के संबंध में बैठक संपन्न

## कार्य समय सीमा पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो- प्रधान जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



जिले के बांदकपुर में श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर परिसर में दिव्य और भव्य कॉरिडोर निर्माण किये जाने के उद्देश्य से कॉरीडोर का निर्माण किया जा रहा है, प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं देखरेख के मद्देनजर प्रधान जिला न्यायाधीश बांदकपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष सोलंकी की अध्यक्षता में मंदिर ट्रस्ट कमेटी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर खासतौर पर मौजूद थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश श्री सोलंकी ने मंदिर से निकल रहे निर्माल्य विल्वपत्र पुष्प के सदुपयोग की चर्चा करते हुये अगरबत्ती निर्माण चंदन बनाने की बात रखी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश बांदकपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष है, आज पर्यटन विभाग ने बांदकपुर कॉरीडोर के बारे में विस्तार से जानकारी दी और प्रोजेक्ट में आने वाली कठिनाइयों के बारे में भी बताया, प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, जिससे कार्य समय सीमा पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो । कलेक्टर श्री कोचर ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों से कहा पारदर्शिता के लिए जरूरी है जो भी कार्य किये जा रहे हैं उसके लिए प्रॉपर साइन बोर्ड लगाना चाहिए जिससे लोगों को पता चले कि निर्माणधीन कार्य क्या है और उसकी लागत क्या है और कब कार्य पूर्ण होगा आदि। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने नायब तहसीलदार हिंडोरिया को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द मंदिर ट्रस्ट की भूमि का सीमांकन किया जाए।

बैठक में संस्कृत वेदांग विद्यालय के नवीन भवन के शीघ्र निर्माण कार्य, बिजली विभाग द्वारा बांदकपुर स्टेशन से गोवर्धन पर्वत तक सर्वे कार्य किया जाए तत्पश्चात कार्रवाई कर विद्युत विभाग प्रकाश हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक में यह कहा गया स्व सहायता समूह के माध्यम से कागज व कपड़े के थैले बनवाए जाएं, पॉलिथीन का उपयोग पूर्णतया बंद किया जाये। श्रद्धालुओं से आग्रह किया जाएगा कि वह पॉलिथीन का उपयोग न किया जाये मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दर्शनार्थियों के लिए जल व्यवस्था के लिए भी कहा गया।

बैठक के दौरान ट्रस्टी अनुराग श्रीवास्तव ने दर्शनार्थियों को 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण किये जाने की मांग रखी। उन्होंने बताया निर्माण कंपनी के द्वारा तय अवधि के अनुसार अप्रैल 2026 में कॉरिडोर निर्माण के प्रथम चरण का कार्य पूरा हो जाएगा। इसके पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने गोवर्धन पर्वत पर एक पेड़ माँ के नाम तहत पौधारोपण किया।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम एलआर बागरी, एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी, श्रीमती राजकुमारी लोधी, एडवोकेट सुरेश मेहता, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, अखिलेश चांदोलकर, गौरव पटेल, गोविंद तिवारी, प्रबंधक रामकृपाल पाठक, भरत पाठक, उमा प्रसाद असाटी, पंडित कुंजीलाल डिम्हा, सहायक प्रबंधक पंडित केदारनाथ दुबे, पंडित रवि शास्त्री, मनीष डेहरिया सहायक यंत्री पर्यटन विभाग सागर, निर्माण एजेंसी सहित प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## छात्र संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**दमोह।** दमोह जिले के शासकीय पी.जी कालेज में स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के द्वारा एक छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दमोह विद्यालय जयंत मलैया रहें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रोहिन राय प्रदेश संयोजक स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन ने बताया कि आज देश में चुनाव की स्थिति ठीक वैसे ही है जैसे किसी घर के दो बच्चों का विवाह एक माह के अंतराल में संपन्न हो। जिस प्रकार विवाह वाले घर में एक एक माह में शादी होने से परेशनियों का समाना करना पडता है। ठीक उसी प्रकार की स्थिति बार बार चुनाव से निर्मित होती है। बार बार आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्य एवं शिक्षको की डयूटी के कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता है। इस दिशा में सुधार की आवश्यकता है, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. इंदिरा जैन बताया कि लोकसभा विधानसभा एवं नगर पालिका के चुनाव अलग अलग होने से सरकार को बहुत अधिक पैसा खर्च करना होता है, एक बार चुनाव होने से सरकार के खजाने में बहुत पैसा बचेगा। जो शैक्षणिक कार्यो में खर्च होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें जन भागीदारी समिति शास. पीजी कालेज के अध्यक्ष डॉ. विकांत चौहान ने एक राष्ट्र एक चुनाव होने पर राजनैतिक स्थिरता एवं सुचिता के आने की बात कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एड. दीपक तिवारी बाल कल्याण समिति अध्यक्ष की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजिक एंड विवके मोदी ने किया। वहीं आभार व्यक्त ललित पालीवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उज्मा नाज, धनेश्वर विलौहा, जागेश्वर, हर्षप्रतीक कुसमरिया, हेमराज ठाकुर, नमन शड़ल्यि कृष्णा पटेल, मंयक कोरी, नमन शाडिल्य, वैभव पटैल, हर्ष पटैल, गौरव चौरहा, बंधन विश्वकर्मा एवं कालेज के प्रोफेसरगण व बडी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर गोष्ठी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

आगामी 2 से 5 नम्बर 2025 तक होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की विशेष गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ दमोह पर सम्पन्न हुई। पंडित चंद्रगोपाल पौराणिक ने इस आयोजन से संस्कारों की प्रेरणा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। सकल हिन्दू समाज के कपिल सोनी ने कहा कि गायत्री परिवार इतने बड़े रूप में संस्कृति को बचाने और विचारों में पवित्रता हेतु जो कार्य कर रहा है वह अद्वितीय और पूज्यनीय है। विश्व हिंदू परिषद के अंजू खत्री ने कहा कि हमारा संगठन गौ माता को बचाने और नई पीढ़ी को भटकने से बचाने के लिए वहीं कार्य कर रहा है जो गायत्री परिवार का मुख्य उद्देश्य है।पार्षद कविता राय ने गायत्री परिवार के कार्यों में संपूर्ण जिले की लोगों को जोड़ने का जो कार्य किया है और मुझे यह अवसर दिया उसके लिए आभारी है। व्यापारी महासंघ के संजय यादव ने सभी को बताते हुए कहा कि हमारी सनातन समाज में जाति पाती नहीं वर्ण व्यवस्था है जो सभी को सभी कार्य करते हुए अपने आप को श्रेष्ठ मानव बनने का अवसर देती है। उपजोन सह समन्वयक दिनेश दुबे ने सभी से आव्हान किया कि कल होने वाले भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रज्ञापीठ,बड़ीदेवी मंदिर परिसर अवश्य पहुंचे और कलश यात्रा के मार्ग पर स्वागत द्वार और पुष्प वर्षा करें। जिला समन्वयक बी पी गर्ग, डॉ मोनिका पालीवाल, डॉ सोनल राय, संगीता श्रीधर, कृष्णा पटेल,पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने भी अपने विचार और सुझाव मंच से सांझा किए। आभार प्रदर्शन प्रज्ञापीठ के लक्ष्मण राजपूत ने किया । कार्यक्रम का संचालन भूपसिंह ठाकुर ने किया।